20. पद-परिचय एवं पदबंध

शब्द जब वाक्य में प्रयुक्त होते हैं तो वे पद कहलाते हैं। किसी वाक्य के पदों का व्याकरणिक रूप से परिचय देना पद-परिचय कहलाता है।

वाक्य में कई पदों का समूह जो किसी व्याकरणिक इकाई को प्रकट करता है, पदबंध कहलाता है। संक्षेप में, पदों का समूह पदबंध होता है।

शिक्षण-संकेत

- ❖ छात्रों को पद-परिचय करना सिखाएँ।
- ❖ पृष्ठ 156 पर दिए वाक्य का पद-परिचय स्पष्ट रूप से समझाएँ।
- ❖ विभिन्न व्याकरण बिंदुओं का पद-परिचय करना समझाएँ, जैसे– संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण का पद-परिचय आदि।
- ❖ छात्रों को पदबंध से अवगत कराएँ।
- ❖ समझाएँ, पद समूह को पदबंध कहते हैं।
- ❖ पाठ पृष्ठ 158 पर दिए उदाहरण वाक्यों को पढ़ें और पदबंध समझाएँ।
- ❖ पदबंध के पाँचों भेदों को स्पष्ट रूप से समझाएँ।
- ❖ पृष्ठ 158-159 पर दिए गए सभी भेदों को विस्तार से समझाएँ।
- ❖ सुनिश्चित कर लें कि छात्र भली-भाँति समझ पा रहे हैं।